Sant Baba Bhag Singh
UNIVERSITY

Village: Khiala, PO: Padhiana, Distt: Jalandhar 144030
Website: www.sbbsuniversity.ac.in   Phone: 0181-2711163   Fax: 0181-2711555

हिंदी दिवस रिपोर्ट

संत बाबा भाग सिंह विश्वविद्यालय की ओर से 14 सितंबर 2021 को हिंदी दिवस समारोह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार प्रार्थना के रूप में की गई। सहायक प्रधानाचार्य परमजीत कौर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी मान्यवरओ एवं विद्यार्थियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी और विचार प्रस्तुत किए 14 सितंबर 1949 को हिंदी को संघ की भाषा का दर्जा दिया गया और इसको देवनागरी लिपि के रूप में अंकित किया गया। राजेंद्र सिंह के 50 वें जन्मदिवस को ही हिंदी दिवस के रुप में मनाया जाने लगा क्योंकि उन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का सफल प्रयास किया था । कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अनीत कुमार मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए और विचार प्रकट किए कि हिंदी पूरे राष्ट्र को जोड़ने वाली भाषा है। उपाध्यक्ष डॉ मनदीप सिंह के द्वारा राजभाषा हिंदी के रूप में प्रमुख हिंदी के प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। हिंदी दिवस मनाने का पर मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार और प्रसार को विकसित करना है और इसी के हेतु विद्यार्थी वर्ग ने इस विषय पर अपने भाषण और कविताओं के माध्यम से विचार प्रस्तुत किए और हिंदी को जनमानस की भाषा बनाने का प्रयास किया गया । कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रधानाचार्य ने उपस्थित सभी अध्यापकगणों और विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया।